तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026



13 आवारा कुत्तों का आतंक, नागरिकों की सुरक्षा संकट...





14 श्री शांतिनाथ जिनालय से निकली भव्य शोभायात्रा











## खबर संक्षेप



### जनपद सभापति ने किया निरीक्षण

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत हल्दी में जनपद सदस्य एवं सभापति अश्वनी कुमार कटहरे द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया एवं उपस्थित सभी मजदूरों के बीच जाकर भारत सरकार की नई वीबी जीरामजी रोजगार गारंटी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। वही काम में आए हुए सभी मजदूरों के लिए उचित पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं आराम के लिए छांव की व्यवस्था का अवलोकन कर रोजगार सहायिका को मजदूरों को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो इसके लिए निर्देशित किया गया।

### चोरी की बाइक समेत अन्य सामान जब्त

**भिलाई।** अपराध नियंत्रण करने को लेकर पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भिलाई नगर जोन अंतर्गत संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया। इस दौरान दीनदयाल कालोनी खम्हरिया, स्मृति नगर क्षेत्र में 290 मकानों की तलाशी ली गई। जहां बाहरी राज्यों जिलों से आकर किराये से निवास कर रहे 25 व्यक्तियों का फिंगर प्रिंट एवं सत्यापन किया गया।

### भाई बहन आए हाईवा की चपेट में, गंभीर चोटें

**सेलूद।** दुर्ग जिले के सेलूद में आत्मानंद विद्यालय सेलूद से छुट्टी होने के बाद घर वापस लौट रहे भाई और बहन को एक तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना बावाकुटी और सेलूद बस्ती के पास बने पुल के पास दोपहर 12 बजे के पास हुई। हादसे में छात्र और छात्रा दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद हाइवा वहां से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल छात्र का इलाज सेलूद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक छात्र के सिर में चोट आई है उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जमीन रजिस्ट्री के कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर पटेल चौक, बीएसएनएल ऑफिस के सामने कुछ लोगों ने दरों के विरोध में बिना पूर्व अनुमति के मार्ग जाम कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ विवाद भी किया था। घटना में प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, आरक्षक तुषार सलामे, आरक्षक अजय साहू, आरक्षक हिमांशु जंघेल को चोटें आई थीं। विवेचना में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरार आरोपी सरस्वती नगर दुर्ग निवासी प्रदीप सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पूर्व में पुलिस ने अनिल वासनिक, विक्की चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, जितेन्द्र बत्रा, मनोज राजपूत, शुभम सिंह राजपूत, गीतेश कुमार ठाकुर, यशवंत सिंह राजपूत,ओम प्रकाश कोटवानी को पकड़ा गया था।

# डौंडीलोहारा में स्वच्छता अभियान को लगा पलीता, महिला प्रसाधन की हालत भी बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर के नया बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक मूत्रालय और महिला प्रसाधन की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। यहां महीनों से नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय नागरिकों और आसपास के दुकानदारों ने बताया कि सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डौंडीलोहारा का सम्पर्क वनांचल के कई ग्रामों से है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों यात्री और स्थानीय लोग आते-जाते हैं। ऐसे में सार्वजनिक मूत्रालय की स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके

**नया बस स्टैंड के सार्वजनिक प्रसाधन में गंदगी का अंबार**





ठीक विपरीत है। लोगों का कहना है कि यदि कभी-कभार सफाई की जाती भी है तो कचरा और गंदगी को एक किनारे में ही डाल दिया जाता है। सफाई कर्मी उसे उठाकर बाहर नहीं ले जाते, जिससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बना रहता है। स्थानीय व्यवसायियों ने भी इस समस्या पर नाराजगी जताई है। आसपास के कई दुकानदार ने बताया कि महिला प्रसाधन की हालत भी बेहद खराब है। अंदर गंदगी फैली हुई है और नियमित देखरेख का अभाव साफ नजर आता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है, जो नगर की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। नागरिकों का आरोप है कि सफाई कर्मी को इस समस्या से कोई विशेष ⏭ शेष पेज 12 पर

## अभियान : ग्रामीण सहभागिता से मजबूत हुआ अभियान

# नर्राटोला में वनाग्नि रोकथाम जागरूकता अभियान, ग्रामवासियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा समीपवर्ती नर्राटोला ग्राम पंचायत क्षेत्र में वनों को आग से बचाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों द्वारा संचालित किया गया, जिसमें ग्रामीणों से अपील की गई कि वे जंगलों में आग न लगाएं और वनों की रक्षा में सहभागी बनें। अभियान के दौरान गांव-गांव रैली निकालकर लोगों को पत्तों की जलन, महुआ संग्रहण के दौरान आग के प्रयोग, बीड़ी-सिगरेट के अवशेष और जंगलों में लापरवाही से फैलने वाली आग के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

- ग्राम पंचायत नर्राटोला में पर्यावरण संरक्षण का जनआंदोलन

प्रतीकात्मक वेशभूषा से दिया गया प्रभावशाली संदेश छात्रों द्वारा शेर, बाघ, भालू सहित अन्य वन्य प्राणियों के रूप में वेश धारण कर जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में तख्तियां लेकर संदेश दिया गया। वनों को आग से बचाओ, वन्य प्राणियों की रक्षा करो, पर्यावरण बचाओ – जीवन बचाओ। इस अनोखे आयोजन ने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों को गहराई से प्रभावित किया। ग्रामीण सहभागिता से मजबूत हुआ अभियान,रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए। लोगों को ⏭ शेष पेज 12 पर

**"वनों को आग से बचाओ" अभियानः नर्राटोला में जागरूकता रैली**







### वनाग्नि से जैव विविधता नष्ट

वन विभाग के अधिकारी जीवन लाल ने कहा वनाग्नि से जैव विविधता नष्ट होती है, वन्य प्राणी विस्थापित होते हैं और पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है। यदि ग्रामीण जागरूक हो जाएं तो जंगलों की आग को काफी हद तक रोका जा सकता है। जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने कहा वनों को आग से बचाना केवल शासन या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब छात्र, ग्रामीण, पंचायत और प्रशासन मिलकर काम करते हैं, तब स्थायी परिवर्तन संभव होता है। ऐसे जन-जागरूकता अभियानों से वन संरक्षण की मजबूत नींव बनती है। पीयूष कुमार, कमलेश्वर, महादेव,छात्रों ने कहा हमारा उद्देश्य केवल रैली निकालना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है। जंगल सुरक्षित रहेंगे तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। हम लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को आग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते रहेंगे। नर्राटोला ग्राम पंचायत में चला यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की सामाजिक चेतना का सशक्त आंदोलन बनकर उभरा।सामूहिक भागीदारी से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि वन बचेंगे, तभी जीवन बचेगा।





# यौन उत्पीड़न व धोखाधड़ी के आरोप में डिप्टी कलेक्टर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

युवती द्वारा डिप्टी कलेक्टर पर लगाए गए आरोप में अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी पर यौन उत्पीड़न के साथ लाखो रूपयो की धोखाधड़ी का आरोप लगा था। युवती के द्वारा लगाए गए आरोप के अनुसार आरोपी डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके डौंडी ब्लॉक के अंवारी गांव का रहने वाला है। डौंडी क्षेत्र की रहने वाली पी ड़ि त महिला जो शा स की य सेवा में है ने बताया कि उनका परिचय साल 2017 में हुआ था। दोनों डौंडी स्थित आईटीआई में पढ़ाई कर रहे थे। पढ़ाई के दौरान दोनों की बातचीत शुरू हुई। युवती का कहना है कि दिलीप ने उससे शादी का वादा किया। फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि वह और दिलीप एक ही जाति के हैं। मार्च 2017 में वह पहली बार प्रेग्नेंट हुई। जब उसने यह बात दिलीप को बताई तो उन्होंने कहा कि पहले पढ़ाई पूरी होने दो, फिर शादी और बच्चे के बारे में सोचेंगे। इसके बाद, दिलीप ने उसे बहला–फुसलाकर जबरन दवा देकर गर्भपात करवा दिया। युवती ने बताया कि अगस्त 2017 में उसकी

- युवती ने लाखों की धोखाधड़ी करने का भी लगाया आरोप




पुलिस विभाग में नौकरी लग गई, जबकि दिलीप ने दुर्ग कॉलेज में आगे की पढ़ाई शुरू की। शुरुआत में वह हॉस्टल में रहे, फिर किराए के मकान में रहने लगे। शादी की उम्मीद में और उनके रिश्ते के चलते वह हर महीने दिलीप की पढ़ाई, कोचिंग और अन्य खर्चों के लिए 4 से 5 हजार रुपए उनके खाते में भेजती रही। इस दौरान जब भी दोनों मिलते, ⏭ शेष पेज 12 पर

# दल्ली राजहरा में भालू की दस्तक से दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्ली राजहरा

जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है, वैसे-वैसे दल्ली राजहरा शहर में जंगली जानवरों की आमद ने नगरवासियों की नींद उड़ा दी है। जंगल से लगे इलाकों में पहले सियार और लकड़बग्घा दिखना आम बात थी, लेकिन अब भालू जैसे खतरनाक जंगली जानवरों का शहर के बीचों-बीच घूमना प्रशासन और वन विभाग की घोर लापरवाही को उजागर कर रहा है। शहर के हृदय स्थल श्रमवीर चौक, फायर ब्रिगेड कार्यालय और वार्ड नंबर 1 (राजहरा बाबा वार्ड) जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भालू ⏭ शेष पेज 12 पर





# चार गौ तस्कर गिरफ्तार, 16 मवेशी कराए मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शासकीय आईटीआई बालोद के पास बालोद पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर चार गौ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसमे पुलिस ने 16 नग को मवेशी को गौ तस्करो से छुड़ाया है। मवेशीयो को कब्जे मे लेने के बाद पुलिस द्वारा मवेशीयो को थाना लाया गया जहां से मवेशीयो को स्थानीय गौशाला में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से मोबाईल के



माध्यम से सूचना मिला कि 3–4 व्यक्ति एक साथ 15 –16 मवेशी को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हकालते, दौड़ाते हुए ग्राम दानीटोला से बालोद की ओर जा रहे है। जिसकी सूचना पर पुलिस शासकीय आईटीआई बालोद के पास मवेशियो को हकालने वाले व्यक्तियो को रोक कर उनका नाम पता पुलिस द्वारा पूछा गया। चारे व्यक्तियो ने पुलिस को ग्राम जामगांव बी निवासी बसंत कुमार साहू पिता राम कुमार साहू 25 वर्ष, ग्राम मरकाटोला थाना ⏭ शेष पेज 12 पर

## भव्य मेला सजा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# श्री विष्णु महायज्ञ प्रारंभ, वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

बालोद–दुर्ग जिले की सीमा पर स्थित गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम ओटेबंद (बगीचा) में आयोजित 66वां श्री विष्णु महायज्ञ पूरे धार्मिक उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यज्ञ स्थल पर विधि-विधान से हवन पूजन का शुभारंभ होते ही वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय ध्वनि से गूंज उठा।

मंदिर परिसर में स्थापित भगवान विष्णु की क्षीरसागर मुद्रा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता लक्ष्मी सहित विराजमान भगवान के दर्शन कर भक्तजन सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। मंदिर परिसर के आसपास पारंपरिक



भव्य मेला भी सज चुका है। दूर-दराज से आए ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के कारण पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। मेले में पूजन सामग्री, खिलौने, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और खान-पान की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खासा



उत्साह देखा जा रहा है।

21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दोपहर 12:30 बजे से 5:30 बजे तक पूज्य भगवताचार्य राष्ट्रीय संत श्री राजीव नयन जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का पावन वाचन किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से आदर्श नाट्य कला मंडली, भेंडरा (कोरबा) द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। करीब छह दशक से अधिक पुरानी इस परंपरा में हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कदंब वृक्ष में नारियल बांधकर मनोकामना मांगने की मान्यता के चलते भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंच रहे हैं। ओटेबंद बगीचा का यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने की अपील की है।

# 190 पौवा अवैध शराब व स्कूटी जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

बालोद पुलिस द्वारा ग्राम मालीघोरी के जंगल में अवैध रूप से शराब ब्रिकी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसमें पुलिस ने कुल 190 नग पौवा शोले देशी प्लेन शराब कुल मात्र 34.200 ब्लक लीटर कीमती 15200 रू. एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 08 जे 4411 कीमती करीबन 20000 रू जुमला कीमती 35200 रू को जप्त किया गया। थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व

- मालीघोरी जंगल में अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़



में नशे के विरुद्ध अभियान के तहत आरोपी से कुल 190 पौवा देशी प्लेन शराब को जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 20 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मालीघोरी के जंगल में दो व्यक्ति अपने कब्जे में अधिक मात्र में देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहा है। मुखबीर द्वारा बताये जगह पर ग्राहक बनकर पहुंचे पुलिस को ⏭ शेष पेज 12 पर

**लोकार्पण:** छत्रपति शिवाजी चौक का लोकार्पण, भव्य प्रतिमा का आतिशबाजी के साथ अनावरण

# शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक बना नगर का शिवाजी चौकः विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गत 19 फरवरी का दिन उस समय शहरवासियों के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब नवनिर्मित छत्रपति शिवाजी चौक का भव्य लोकार्पण एवं वीरता, साहस और राष्ट्र गौरव के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की दिव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण उत्साह और आतिशबाजी के साथ किया गया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण रहा और बड़ी संख्या में नागरिक इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण कर कवर्धावासियों एवं चंद्रनाहु कुर्मी समाज को एक ऐतिहासिक सौगात प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विजय शर्मा ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि कवर्धा के शिवाजी चौक में अब महराज शिवाजी की भव्य प्रतिमा की स्थापना हुई है कवर्धा की जनता की मनोभाव के अनुसार ही शिवाजी चौक में भव्य प्रतिमा विराजमान हुआ है। कवर्धा के नौजवानों के लिए यह स्थल प्रेरणा का प्रतीक है चौक में प्रतिमा का अनावरण हो जाने से कवर्धा के लोगों के मन में उत्साह व उमंग है। उन्होंनें उपस्थित चन्द्रनाहू कुर्मी समाज को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शिवाजी महराज का जीवन हमें सिखाता है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, प्रजा के हित, न्यायपूर्ण शासन और धार्मिक सहिष्णुता की जो परंपरा स्थापित की, वह आज भी आदर्श शासन का मार्गदर्शन करती है। विजय शर्मा ने युवाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना विकसित करनी चाहिए।

**नगर के इन चौक-चौराहों का होगा कायाकल्प**




शिवाजी चौक लोकार्पण व मूर्ति अनावरण में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है कवर्धा शहर में चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है ताकि हमारा शहर की अलग पहचान बन सके। उन्होंने बताया कि वीर स्तंभ चौक निर्माण के साथ-साथ शिवाजी चौक में मूर्ति स्थापना का कार्य पूर्ण हुआ। अब इसके साथ ही रायपुर-राजनांदगांव बायपास मार्ग में सहस्त्र बाहु चौक का निर्माण, राजनांदगांव रायपुर बायपास चौक में संत कबीर चौक का निर्माण, संत गाडगे चौक, करपात्री जी महराज चौक निर्माण हेतु 20-20 लाख रू. की स्वीकृति प्रदान की गई है साथ ही हमारे शहर के बुजुर्गो के लिए सियान सदन का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिए 30 लाख रू. राशि की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

### ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना कवर्धाः चंद्रप्रकाश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महराज की भव्य व दिव्य प्रतिमा का अनावरण कर कवर्धावासियों को समर्पित किया साथ ही उन्होनें कहा कि यह चौक कवर्धावासियों के लिए आईडल बनकर खड़ा है हमारे आदर्श शिवाजी महराज है अनावरण के समय में कवर्धावासी उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। शिवाजी के विचारों को पढ़कर, अध्ययन कर अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होनें छत्रपति शिवाजी महराज के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में मुगलों ने अपना शासन चलाकर भारत की संस्कृति को नष्ट करना चाहता था ऐसे हालातों पर शिवाजी महराज ने मुगलों को चुनौती देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने साहस और रणनीति से यह सिद्ध कर दिया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति होती है।

# जिला उड़नदस्ता दल ने किया कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के प्रथम दिवस जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित इस दल का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने किया। उड़नदस्ता दल में सहायक संचालक डीजी पात्रा, एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु एवं वरिष्ठ पीटीआई दिनेश कुमार साहू शामिल रहे। दल द्वारा विज्ञान संकाय के भौतिकशास्त्र एवं कला संकाय के भूगोल विषय की परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय स्थित होलीक्रास स्कूल कवर्धा, विकासखंड बोड़ला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवांगांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा भवनों में समुचित पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग का मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों में ग्लूकोज, ओआरएस एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव भी दिए गए। साथ ही, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों का समुचित संधारण किया जाना पाया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही

**पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। नगर पंचायत प्रशासन को इस बात की जानकारी मिली थी कि नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय अवैध रूप से हो रहा हैं। इस शिकायत के बाद निकाय के कर्मचारी चन्द्रशेखर गुप्ता, सरानि भावेश सिंह, पीआईयू पदमराज केशरी, दीपक साहू प्लेसमेंट कर्मचारी नगर पंचायत पिपरिया की संयुक्त टीम द्वारा नगर के 07 दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरानं संबंधित व्यावसायिक दुकानदारों से राशि 1300 रूपए की चलानी कार्यवाही करते हुए 1 किलो 900 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त किया गया।

### पालक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के पालकों/अभिभावकों के लिए आज जिला ग्रंथालय कवर्धा में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय पोयाम के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। डीएमसी विनोद श्रीवास्तव ने पालकों का अभिनंदन करते हुए बच्चों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों से संबंधित समस्त शैक्षणिक जानकारी एवं सहयोग की जिम्मेदारी विकासखंड स्तर पर पदस्थ बीआरपी की है, अतः आवश्यकता होने पर पालक उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# होली के पूर्व अवैध शराब पर पुलिसिया कार्रवाई तेज

## 61 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



- मुखबिर की सूचना पर सिंघनपुरी पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

होली त्यौहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले के थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री करने वालों की धरपकड़ तेज कर दी है और लगातार इस पर कार्यवाही भी की जा रही है। ये अलग विषय है कि प्रदेश सरकार ने अपनी नई शराब नीति के तहत इस बार होली त्यौहार पर भी स्वयं सरकारी शराब बेंचने का ऐलान कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान सिंघनपुरी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति काले रंग की मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस में एक प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब रखकर पैलीमैटा से सिंघनपुरी की ओर जा रहे हैं। इस सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम द्वारा सिंघनपुरी बाजार स्थल के पास दो गवाहों को तलब कर साथ लिया गया तथा खोलवा सिंघनपुरी तिराहा अटल चौक सिंघनपुरी में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पवनतरा की ओर से सिंघनपुरी की तरफ आ रही काले रंग की मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस को रोककर पूछताछ की गई। मोटर सायकल में सवार दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम ओमप्रकाश जंघेल पिता झाड़ू राम जंघेल उम्र 23 वर्ष एवं युवराज नेताम पिता बिसरू नेताम उम्र 19 वर्ष 09 माह दोनों निवासी थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम (छ.ग.) बताया। मोटर सायकल में रखी प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 59 नग पौवा शोले देशी प्लेन मदिरा एवं 02 नग गोल्डन गोवा सुपिरियर व्हिस्की कुल 61 पौवा शराब, प्रत्येक शीशी 180 एमएल भरी हुई शीलबंद अवस्था में पाई गई।

### शराब बेचने ले जा रहे थे आरोपी

पूछताछ पर आरोपियों द्वारा शराब को बिक्री करने के लिए परिवहन करना बताया गया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने से मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। मौके से जप्त 61 पौवा अवैध शराब की अनुमानित कीमत करीब 4960 रूपए एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस की कीमत करीब 60,000 रुपए है। जप्त सामग्री सहित दोनों आरोपियों को थाना लाकर अपराध क्रमांक 03/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में एएसआई वीरेंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक पेखेंद्र जांगड़े, आरक्षक अविनाश तिवारी, आरक्षक मनोज शर्मा, आरक्षक युगल वर्मा एवं आरक्षक रमेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

# नई आबकारी नीतिः जनहित से अधिक राजस्व को प्राथमिकताः तुकाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ सरकार की नई आबकारी नीति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि नई शराब नीति जनहित में नहीं, बल्कि राजस्व बढ़ाने की प्राथमिकता पर आधारित है। उन्होंने इसे भाजपा सरकार के कुशासन का प्रमाण बताते हुए कहा कि यह नीति समाजिक मूल्यों और जनभावनाओं पर चोट पहुंचाने वाली है। तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि सुशासन का दावा करने वाली भाजपा सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू करना उसकी वास्तविक सोच को उजागर करता है। उनका आरोप है कि यह नीति विकासोन्मुख न होकर आम जनता पर आर्थिक और सामाजिक बोझ बढ़ाने वाली है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर आपत्ति जताई कि सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, होली और मुहर्रम जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर भी शराब दुकानों को खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन पूरा देश गांधी जी के संयम, सत्य और नैतिक मूल्यों को याद करता है, उस दिन शराब बिक्री की अनुमति देना सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या अब त्योहार और राष्ट्रीय दिवस भी केवल राजस्व कमाने का माध्यम बन गए हैं? उन्होंने सवाल उठाया। चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पहले से ही अवैध शराब की बिक्री चरम पर है। गांव-गांव में नशे का जाल फैल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इसके बावजूद सरकार राजस्व लक्ष्य बढ़ाने में व्यस्त है। उन्होंने पूछा कि क्या विकास का अर्थ नशे की खपत बढ़ाना है और क्या सरकार समाज को कमजोर कर खजाना भरना चाहती है? उन्होंने यह भी कहा कि नई नीति का वास्तविक लाभ आम जनता को मिलेगा या किसी विशेष वर्ग को, यह स्पष्ट नहीं है। उनके अनुसार, यह नीति जनहित से अधिक मुनाफे की राजनीति का हिस्सा प्रतीत होती है, जिससे प्रदेश की माताएं-बहनें, किसान और युवा आहत हैं। युवा कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की है कि राष्ट्रीय तिथियों और संवेदनशील त्योहारों पर तत्काल प्रभाव से ड्राई डे पुनः लागू किया जाए। साथ ही अवैध शराब नेटवर्क पर कड़ी और पारदर्शी कार्रवाई की जाए तथा नई आबकारी नीति की व्यापक समीक्षा कर जनमत के आधार पर निर्णय लिया जाए। अंत में तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अपनी आस्था, संस्कृति और भविष्य से समझौता स्वीकार नहीं करेगी और यदि आवश्यक हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# जिपं सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू की पहल से 30 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू के प्रयासों से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर जिला पंचायत निधि तथा 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 30 लाख रुपये की राशि के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत मानिकचौरी, धरमपुरा, बिरकोना, कोसमंदा, लिटीपुर खंडसरा, बिटकुली, केसली, नावागांव (को.), कुटकीपारा, गुढ़ा, डेहरी,गोपाल भावना, सोनपुरी गुढ़ा, बहरमुड़ा एवं तमुरुवा में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक जनहितकारी कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कवर्धा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो की स्वीकृति के लिए क्षेत्रवासियों की मांग एवं आवश्यकताओं के अनुरूप लगातार निर्माण व विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं। जिससे लोगों का भाजपा सरकार के प्रति भरोसा बढ़ रहा है।

# एनएसयुआई ने 12 वीं के परिक्षार्थियों को पेन वितरण कर दी शुभकामनाएं



**कवर्धा।** 12वीं बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के अवसर पर एनएसयुआई जिला कबीरधाम द्वारा कवर्धा के बस स्टैंड स्थित कन्या शाला एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में पेन वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। एनएसयुआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण का आधार है। यदि शिक्षा व्यवस्था कमजोर होगी और छात्रों की समस्याओं की अनदेखी होगी, तो इसका प्रभाव देश के भविष्य पर पड़ेगा। पूर्व एनएसयुआई अध्यक्ष कवर्धा मेहुल सत्यवंशी ने कहा कि छात्रवृत्ति, बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था तथा रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। एनएसयुआई हमेशा छात्रों की आवाज बनकर उनके हक और अधिकार के लिए संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ जागरूक नागरिक बनें और शिक्षा व रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नारद चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, अमन बर्वे, नरेंद्र वर्मा, तुषार वर्मा, कनक कौशिक, शिवा चंद्रवंशी, अरविंद चंद्रवंशी, रोहित, मुकेश, दीपक, मनीषा, भवानी, अलिंका सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष...

### डौंडीलोहारा में स्वच्छता...

सरोकार नहीं दिखता। शिकायत करने पर वे आजकल या परसों कहकर बात टाल देते हैं, लेकिन स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो रहा है। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक और व्यस्त स्थल पर इस तरह की लापरवाही स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी पैदा कर सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक मूत्रालय और महिला प्रसाधन की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, कचरे का समुचित निस्तारण किया जाए तथा जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि आमजन को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिल सके।

### नर्राटोला में वनाग्नि...

बताया गया कि जंगलों की आग से पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जलस्त्रोत, खेती और मानव जीवन सभी प्रभावित होते हैं। गांव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी का भाव देखने को मिला। **वनों की रक्षा का लिया संकल्प-** सरपंच हिंसाराम चिर्राम ने कहा वन हमारे जीवन का आधार हैं। जंगल सुरक्षित रहेंगे तभी पानी, खेती, पशु और मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। छोटी सी लापरवाही भी बड़ी आपदा बन सकती है। सभी ग्रामवासियों को संकल्प लेना चाहिए कि जंगलों में आग नहीं लगने देंगे और वनों की रक्षा करेंगे।

पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ग्रामीणों आयुष कुमार, शैलेंद्र सिंह, रामेश्वर, कुणाल खेमू आदि ने कहा हर वर्ष गर्मी में जंगलों में आग से भारी नुकसान होता है। पेड़, जानवर, पक्षी नष्ट होते हैं और बारिश का चक्र प्रभावित होता है। जंगल बचाना मतलब भविष्य बचाना है। यह अभियान समाज की सोच बदलने वाला है।

### यौन उत्पीड़न व...

दिलीप शादी का वादा करते हुए लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, दिलीप ने साल 2020 में पीएससी परीक्षा पास की। उन्हें डिप्टी कलेक्टर पद पर बीजापुर में पोस्टिंग मिली। नौकरी मिलने के बाद जब शादी के लिए कहा, तो दिलीप ने हर बार टालते हुए कहा कि अभी हालात ठीक नहीं हैं। पहले वह पूरी तरह से सेटल हो जाए, फिर शादी की जाएगी। युवती ने आरोप लगाया है कि साल 2017 से 2020 तक शादी का झासा देकर युवक ने उनके साथ तीन बार जबरन गर्भपात कराया। इसके अलावा पीड़िता ने बैक से ऋण लेकर लगभग 3 लाख 30 हजार रूपये दिलीप उईके के खाते में ट्रांसफर करने का भी दावा किया है। उनका कहना है कि बीजापुर में पदस्थापना के दौरान भी जनवरी से मई 2025 के बीच शारीरिक शोषण जारी रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य शासन ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए डिप्टी कलेक्टर दिलीप को निलंबित कर दिया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दल्ली राजहरा में भालू...

की मौजूदगी ने साफ कर दिया है कि हालात कितने गंभीर हो चुके हैं। गुरुवार रात वार्ड नंबर 1 में रफ़ीक कुरैशी के घर में एक युवा भालू के घुसकर भारी उत्पात मचाने की घटना ने लोगों में भय और आक्रोश दोनों भर दिया है। वहीं रात करीब 2 बजे श्रमवीर चौक के पास भालू को विचरण करते देखे जाने की पुष्टि प्रत्यक्षदर्शियों ने की है। यह पहला मामला नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व डीएवी इस्पात स्कूल के सामने तेंदुए द्वारा गाय के बछड़े को शिकार बनाए जाने की घटना आज भी लोगों को याद है। **सुबह की मॉर्निंग वॉक भी अब खतरे में-** पंडर दल्ली क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, 2, 5 और 7 सीधे जंगल से लगे हुए हैं। इसके बावजूद सुबह 4:30 बजे से बड़ी संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते हैं, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं। राजहरा बाबा मंदिर के आगे पहाड़ी इलाका, डंप ग्राउंड और मैगजीन जैसे अति संवेदनशील और खतरनाक क्षेत्र खुलेआम लोगों की आवाजाही के गवाह बने हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कोई बड़ा हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?जनता का फूटा गुस्सा ,प्रत्यक्षदर्शी सहित कई नागरिकों ने आक्रोश जताते हुए कहा— भालू शहर के बीच घूम रहा है और वन विभाग अब जाग रहा है। अगर किसी की जान चली जाती तो क्या तब भी सिर्फ गश्ती दल की बात होती? लोगों का कहना है कि वन विभाग हर बार 'भोजन की तलाश' का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से बचता रहा है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि समय रहते न तो चेतावनी दी गई, न ही ठोस सुरक्षा इंतजाम किए गए। **गश्ती दल तैनात किया जाएगा-** वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार ठाकुर ने कहा कि ठंड बढ़ने पर जंगली जानवर भोजन की तलाश में शहर की ओर आते हैं। आज रात 9 बजे से गश्ती दल तैनात किया जाएगा और प्रशासन से भी सहयोग मांगा गया है। हालांकि दल्लीराजहरा नागरिकों का सवाल साफ है—जब खतरा पहले से था, तो गश्ती अब क्यों? क्या किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा। जनता की मांग,नगरवासियों ने मांग की है कि जंगल से सटे वार्डों में स्थायी वन सुरक्षा बल तैनात किया जाए, रात्री गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए,स्कूल, मंदिर और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तत्काल अलर्ट सिस्टम लगाया जाए।

### चार गौ तस्कर...

डौण्डी निवासी सगनू राम भुआर्य पिता गणेश राम भुआर्य 56 वर्ष, ग्राम चीपरा थाना दल्लीराजहरा निवासी केशूराम हल्बा पिता शेरकुराम 45 वर्ष, ग्राम सुवरबोड़ थाना बालोद निवासी लेखराम राऊत पिता धनराज सिंह राउत 36 वर्ष बताया जिनके कब्जे से 16 नग मवेशी जप्त किया गया। इस दौरान ग्राम बेलमांड निवासी पुरूशोत्तम सिंह राजपूत पिता स्व. अर्जुन सिंह राजपूत 56 वर्श, वार्ड क्रमांक 04 बुधवारी बाजार बालोद निवासी शरद गुप्ता पिता ओमप्रकाश गुप्ता 38 वर्ष ने पुलिस का सहयोग करते हुए गौ तस्करो को पकड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### 190 पौवा अवैध...

देखकर तस्कर भाग गये एवं पकडे गये संदेही आरोपी को नाम पता पूछने पर अपना नाम वार्ड 13 आमापारा बालोद थाना व जिला बालोद निवासी प्रीतम कुमार ठाकुर पिता स्व. चंदुलाल ठाकुर 38 वर्ष का रहने वाला तथा तलाशी के दौरान मौके से फरार आरोपी का नाम शिकारीपारा बालोद निवासी बब्बन गौतम तथा मौके पर खडी स्कुटी क्र. सीजी 08 जे 4011 को आरोपी बब्बन गौतम का होना बताये। जिसे विधिवत कार्रवाई कर कार्रवाई के दौरान संदेही आरोपी प्रीतम कुमार ठाकुर का गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर दो नग पान मसाला गुटखा का चैन वाला बडा थैला जिसके अंदर 95-95 नग कुल 190 नग देशी प्लेन शराब का पौवा एवं घटनास्थल से फरार आरोपी बब्बन गौतम का एक ग्रे कलर का पुरानी इस्तेमाली स्कुटी क्र. सी.जी. 08 जे 4011 कीमती करीबन 20,000रू. को गवाहों के समक्ष जप्त कर मौके पर सील पैक कर पंचनामा तैयार किया तथा आरोपी सदर का कृत्य आबकारी एक्ट के 34(2) का पाये जाने पर थाना बालोद में आरोपी को 20 फरवरी के गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर बालोद जेल निरुद्ध किया गया है एवं फरार आरोपी का पता तलाश जारी है।

# आवारा कुत्तों का आतंक, नागरिकों की सुरक्षा संकट में, हमलों से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर में आवारा कुत्तों के झुंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। नगर के विभिन्न वार्डों, गलियों, बाजार क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर कुत्तों के झुंड द्वारा लोगों पर किए जा रहे हमलों से दहशत का माहौल बना हुआ है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लगातार बढ़ती घटनाओं ने इसे एक गंभीर जनसुरक्षा संकट का रूप दे दिया है।

दल्लीराजहरा के स्थानीय नागरिकों अमर कुमार, रमेश कुमार सिंह, आदित्य रॉय के अनुसार, कुछ कुत्ते असामान्य रूप से आक्रामक हो चुके हैं, जो बिना उकसावे के लोगों पर झपट्टा मार रहे हैं। कई लोग घायल हो चुके हैं, जिनका उपचार अस्पतालों में कराया गया है।

**रामप्रसाद सिंह, राजेन्द्र कुमार तिवारी,पीड़ितों का दर्द** – भय के साए में जीवन- पीड़ित नागरिकों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि अब घर से निकलना भी जोखिम भरा हो गया है।

सुभाष चन्द्र, गोपाल राम पीड़ित नागरिक ने कहा मैं सुबह काम पर जा रहा था, तभी अचानक कुत्तों के झुंड ने घेर लिया। गिर पड़ा और घायल हो गया। अब बच्चों को अकेले बाहर भेजने में डर लगता है। बुजुर्ग भोजराम ने कहा कि सुबह की सैर छोड़नी पड़ी है। डर लगता है कि कहीं हमला न हो जाए। पहले ऐसा माहौल कभी नहीं था। विक्रांत कुमार अभिभावक ने कहा स्कूल जाने वाले बच्चों को खुद छोड़ने जाना पड़ता है। रास्ते में कुत्तों का झुंड देखकर बच्चों में डर बैठ गया है।

**नसबंदी और नियंत्रण अभियान की तैयारी**- प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र नेताम ने कहा कि नगर में आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हमें लगातार शिकायतें मिल रही हैं। नगर पालिका द्वारा जल्द ही सर्वे कराकर आवारा कुत्तों की संख्या का आंकलन किया जाएगा। नसबंदी, टीकाकरण और नियंत्रण अभियान की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। आक्रामक कुत्तों को चिन्हित कर सुरक्षित तरीके से अलग किया जाएगा, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

निवासियों ने कहा नियमित नसबंदी व टीकाकरण अभियान शुरू हो, हर वार्ड स्तर पर निगरानी व्यवस्था बनाई जाए,लोगों का कहना है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस और स्थायी कार्रवाई जरूरी है। दल्लीराजहरा में आवारा कुत्तों की समस्या अब केवल एक सामान्य समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर जनसुरक्षा संकट बन चुकी है। पीड़ितों की बढ़ती संख्या, नागरिकों में भय और स्वास्थ्य जोखिम को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि प्रशासन त्वरित, प्रभावी और स्थायी समाधान लागू करे, ताकि नगरवासी फिर से सुरक्षित और भयमुक्त जीवन जी सकें।

### प्रशासनिक कार्रवाई की उठी मांग



**स्वास्थ्य संकट की आशंका**

नगरवासियों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो रेबीज जैसी घातक बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। घायलों के इलाज में भी लोगों को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप



### न्योता भोजन कराया गया

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा संकुल-अण्डा में शासन की जनहितैषी पहल के तहत न्योता भोजन का आयोजन किया गया। वेदप्रकाश साहू ने अपने पुत्र उत्कर्ष साहू के जन्मदिन की खुशियों को केक काटकर शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के बच्चों के साथ साझा किये। न्योता भोजन के रूप सभी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए चांवल,केला, खीर पुड़ी और आलू मटर की सब्जी वितरित किये। अध्ययनरत सभी बच्चों वेदप्रकाश साहू के द्वारा पेन प्रदान किया गया। सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत न्योता भोजन से बच्चों को पौष्टिक आहार मिलता है।
न्योता भोजन के आयोजन में चन्द्रहास साहू प्रधानपाठक, पेमिन नागवंशी सहायक शिक्षक, पूजा निर्मलकर अध्यक्ष एसएमसी, उत्कर्ष साहू, सिद्धि साहू, मंजू साहू, घनश्याम सिंह साहू, वेदप्रकाश साहू, शकुन साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अलेन यादव, कुसमा ठाकुर, कुसुमलता यादव, चन्दा ठाकुर, खुर्शिद बेगम की उपस्थिति रही।

### नागेंद्र सिन्हा ने 46वीं बार रक्तदान किया



**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी सिन्हा समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. बिस्मभर सिन्हा के पुत्र नागेंद्र सिन्हा ने जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज की जान बचाने के लिए ब्लड बैंक स्टॉफ डॉ. एमएम. मूर्ति, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, पोषण कुमार, मेघा सिन्हा, रविकांत साहू कि उपस्थिति में अपना बी पॉजिटिव रक्तग्रुप का रक्तदान किया। नागेन्द्र सिन्हा ने अब तक 46 वीं बार रक्तदान कर चुके है, रक्तदान कर उन्होंने बताया कि ब्लड डोनेट करने से हृदय स्वास्थ्य सुधरता है, क्योंकि यह शरीर में आयरन का स्तर संतुलित करता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। साथ ही, यह नए रक्त कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देता है।

### महिला उद्यमियों ने सीखे उत्पादों की ब्रांडिंग व मार्केट डेवलपमेंट के गुर

**भिलाई।** जिले में महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों की बिक्री एवं ब्रांडिंग को सुदृढ़ करने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में 36 महिला उद्यमियों हेतु मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं महिला संचालित बाजार विकास सहायता योजनाओं, प्रदर्शिनी/मेले में भागीदारी, ब्रांडिंग, पैकेजिंग सुधार एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय विस्तार हेतु सक्षम बनाना है। महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**कार्यक्रम : सरकार की उपलब्धियों के साथ मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस**

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरण और हितग्राहियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के अवसर पर मिरीटोला पुरूर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरूर में मरीजों को फल वितरण कर सेवा कार्य किया गया और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को भी भरएँगाव पंचायत के आनदपुर में आवास हितग्राही का सम्मान किया।

वही महतारी वंदन योजना के लाभार्थी को पुरूर में सम्मान किया गया, जिसमें पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख आदित्य सिंह पीपरे, महामंत्री राकेश सिन्ह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अजय साहू, जनपद सदस्य हेमंत गुरुरंच, त्रिलोकी गजपाल, महिला मोर्चा के अध्यक्ष हीरामणि केजू राम, नागेश सलाम, सैलेंद्र सोरी, नवीन आनद, त्रिलोकी गजपाल, संजय साहू, पोखन साहू, भानुसाहू, होमशेकर साहू, रवि सिन्हा, नियाज खान व कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने कहा मुख्यमंत्री का जीवन सदैव सेवा, समर्पण और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरणा देता है। इसी भावना के साथ हम सभी कार्यकर्ताओं ने जनसेवा का यह छोटा सा प्रयास किया। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफलता प्रदान करे तथा आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करता रहे।






### मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन पर मरीजों को किया फल वितरण

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा मण्डल सनौद महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमती हरिकृष्ण गंजीर के नेतृत्व मे हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ केंद्र अरमरीकला मे मरीजो को फल भेंट कर लोगो से आशीर्वाद प्राप्त कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना किये। इस कार्यक्रम मे सभापति जिनपद पंचायत बालोद लक्ष्मीअशोक साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला बालोद रोहित कुमार साहू, सहसंयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बालोद डॉ डामन लाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन गंगा बालक राम साहू, पंच ईश्वरी बाई, नूतन साहू, पंच विजयलक्ष्मी, पंच देवली बाई, पंच मोतिम निषाद, पुष्पा ठाकुर, रीना बाई व समस्त महिला मोर्चागण उपस्थित हुए।



### मुख्यमंत्री साय के जन्मदिवस पर गुण्डरदेही में सेवा कार्य किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन पर शनिवार को गुण्डरदेही में सेवा भाव के साथ उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारीगण ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल–चाल जाना। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का जीवन जनसेवा के लिए समर्पित है और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीतीश राजा सोनकर, शैल महोबिया, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा संतोषी साहू मंडल महामंत्री, विनोद चंद्राकर, सौरभ चोपड़ा, नमन जैन उत्सव जैन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री साय का जन्मदिन मनाया

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय में संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया गया तथा मुख्यमंत्री जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।
कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें संगीतमय रामायण पाठ एवं भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद स्वरूप खीर–पूरी बांटी गई तथा कार्यालय के बाहर राहगीरों को भी खीर–पूरी का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा ईश्वर से प्रार्थना है की आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नित नई ऊंचाइयों पर स्थापित होता रहे, मां दंतेश्वरी की —पा सदा आप पर बनी रहे, सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर के बाहर उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया। जिले के सभी मंडलों एवं सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने फल वितरण एवं विभिन्न कार्यक्रम कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्म दिन मनाया। इस अवसर पर लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री यज्ञदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, हरीश कटझरे, टिनेश्वर बघेल, सुरेंद्र देशमुख, जितेंद्र साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, प्रेम साहू, निशा योगी, कमलेश सोनी, प्रदीप साहू, मुकेश कौडो, कमल पनपालिया, लोकेश श्रीवास्तव, अरुण साहू, दयानंद साहू, दुर्जन साहू, दानेश्वर मिश्रा, राकेश बंटी बाफना, प्रीतम यादव, गोकुल ठाकुर, श्रीकांत वर्मा, रविंद्र टेमरिया, संजय शर्मा, हरिश्चंद्र साहू, सदानंद साहू, वीरेंद्र साहू, संतोष साहू, प्रीती देशमुख, दीप्ति साहू, सीता नेताम, भुवनेश्वरी चंद्राकर, क्षमता चंद्राकर, दिव्या बजाज, श्वेता राजपूत, राजेश्वरी डड़सेना, संजू कौमार्य, संतोष पाठक, टिक्कू यादव, रेवा, दिनेश सहित भारतीय जनता पाटएँ के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शहर में सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ी, 8 एमवीए ट्रांसफार्मर से 8246 उपभोक्ता होंगे लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत 33/11 केवी दुर्ग टाउन सब-स्टेशन में लगे 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर 8 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन और अधीक्षण अभियंता जे. जगन्नाथ प्रसाद के निर्देशन में यह कार्य पूरा हुआ। अपग्रेडेशन के बाद दुर्ग टाउन उपकेंद्र की कुल क्षमता 15 एमवीए से बढ़कर 18 एमवीए हो गई है। इस परियोजना पर 89.79 लाख रुपये की लागत आई है। क्षमता वृद्धि का सीधा लाभ इंदिरा मार्केट, खंडेलवाल कॉलोनी, तकिया पारा, मिलपारा और डीपरा पारा जैसे घनी आबादी वाले इलाकों के करीब 8246 उपभोक्ताओं को मिलेगा। गर्मी के मौसम में बढ़ते लोड को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिले और घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध बिजली मिल सके। सफल चार्जिंग और ऊर्जीकरण के दौरान कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र भारती, दुर्गेश नंदिनी देवांगन, आर.के. दानी सहित सहायक और कनिष्ठ अभियंता तथा तकनीकी कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों का कहना है कि यह क्षमता वृद्धि न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य में बढ़ते विद्युत भार को संतुलित करने में भी मददगार साबित होगी।

- गर्मी के दिनों में लोगों को मिलेगी राहत



# यादव समाज का सामूहिक विवाह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से सबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित सामाजिक भवन में प्रातः 11 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों तथा मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान सभी जोड़ों के विवाह का खर्च समाज द्वारा वहन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि विवाह योग्य वर-वधू की तलाश में परिवार जनों के समय व धन दोनों ही खर्च होता है। इसे बचाने और समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाकर उन्हें परिचय देने का अवसर दिया जाएगा। इससे अपने लडक़े या लडक़ी के अनुरूप युवक या युवती के परिचय देने पर कार्यक्रम स्थल पर ही उनके परिजनों को साथ बैठाकर आपस में चर्चा कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे उन्हें आगे भी मुलाकात कर चर्चा को आगे बढ़ाने और रिश्तेदारी में बदलने में आसानी होगी। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा बाल संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ की सदस्य एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा-संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर के प्रबंधनकारिणी सदस्य, जिला, ब्लॉक परिक्षेत्र महानगर एवं समाज के आजीवन सदस्यों के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव, सचिव बैशाखू राम यादव, कोषाध्यक्ष मतवारी यादव, संयुक्त सचिव नरेश यादव, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी यादव, लेखापाल रामस्वरूप यादव एवं मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

# रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों का हुआ सम्मान


हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

डीएवी मॉडल कॉलेज दुर्ग और आरोग्य ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव थे। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, एचआईवी, वीडीआरएल, मलेरिया आदि की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। कामनेश, रंजना, जनकलाल, सुभद्रा, धनंजय, राकेश, विकास, ईशांत, संदीप, पलाश, खेमराज एवं 24 छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने जांच के बाद रक्त दान किया। समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल द्वारा रक्तदान को प्रोत्साहित करने रक्त दान देने वाले छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को फ्री ईयरफोन व हेलमेट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि रक्त दान से हम लोगों का जीवन बचा सकते है और अपना शारीर भी स्वस्थ रख सकते हैं। महाविद्यालय प्रतिवर्ष ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इस दौरान सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा पाण्डेय, उषा साहू, एल शाने, मधु यादव, ज्योति सिंह, सिंपल शर्मा, प्रियंका मिश्रा, दामिनी साहू, हेमलता सेन सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री विष्णु से नमो लोढ़ा की सौजन्य भेंट जन्मदिन की दी बधाई

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नमो लोढ़ा ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान नमो लोढ़ा ने मुख्यमंत्री श्री साय के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य समृद्धि और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभकामनाओं के लिए नमो लोढ़ा का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और सभी के सहयोग से जनहित में निरंतर कार्य करती रहेगी।

### वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 19 से

**अंडा।** खेल प्रेमियों के लिए उत्साह का माहौल है। आगामी 19 मार्च से 22 मार्च 2026 तक दुर्ग जनपद क्षेत्र क्रमांक 19 में आयोजित होने वाली सभापति ट्रॉफी के तहत वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जंजगिरी, कुथरेल और भानपुरी की टीमें आमने-सामने होंगी।



चार दिवसीय इस भव्य टूर्नामेंट में विभिन्न वार्डों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभापति ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, खेल भावना को बढ़ावा देना और स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले का लाइव प्रसारण 108 लाइव पर दिखाया जाएगा. फाइनल मैच के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। सभापति लोमश चंद्राकर क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

## आस्था : रजत ध्वजा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जयकारों से गुंजायमान हुए मार्ग

# श्री शांतिनाथ जिनालय से निकली भव्य शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर का वातावरण उस समय पूरी तरह धर्ममय हो गया, जब श्री शांतिनाथ जिनालय जैन मंदिर से त्रिदिवसीय रजत ध्वजा महोत्सव के दूसरे दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर में विराजित निपुणा शिशु प्रवचन प्रभाविका श्रीमंजुलाश्रीजी मसा एवं प्रवचन प्रवीणा स्नेहयशाश्रीजी मसा के पावन सानिध्य में भगवान की अष्टधातु प्रतिमा को सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालु चंवर ढुलाते हुए एवं मार्ग में पवित्र जल का छिड़काव करते चल रहे थे। नगरवासियों ने अपने-अपने घरों के सामने प्रभु के रथ की अगवानी कर गवली पाटा एवं श्रीफल अर्पित किए तथा भक्ति भाव से जयकारे लगाए। साध्वी वृंद की उपस्थिति और भक्ति गीतों से सराबोर भक्तों की टोली ने वातावरण को और अधिक भावमय बना दिया। राजनांदगांव से आए मयूर डांस ग्रुप की बालिकाओं ने भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तगण भी अपने भावों को रोक नहीं सके और प्रभु भक्ति में झूम उठे। विवेकानंद चौक पर संघवी पारख परिवार ने स्व. राजू पारख के चित्र के समक्ष प्रभु को बधाया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोभायात्रा सदर मार्ग, मुख्य मार्ग, पुराने बस स्टैंड, गौशाला रोड, समता चिकित्सालय, विवेकानंद चौक एवं बाजार चौक होते हुए लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन किया गया।



**धर्मसभा में उमड़ा आस्था का सागर**

धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्रीमंजुलाश्रीजी मसा ने कहा कि जिनशासन की भूमि पर ध्वजा महोत्सव सर्वोपरि है। लहराती धर्मध्वजा पुण्यानुबंधी पुण्य का स्रोत है, जो मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि यदि धर्म महोत्सव को हम भीतर से आत्मसात कर लें तो आत्मकल्याण निश्चित है। स्व. राजू भैया के योगदान को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि वे युवावस्था से ही जिनशासन की प्रभावना में समर्पित थे। प्रवीणा स्नेहयशाश्रीजी मसा ने कहा कि नगर की एकता ही इसकी सबसे बड़ी पहचान है। जिनशासन के प्रत्येक कार्य में संघ एक मंच पर खड़ा रहता है। उन्होंने संदेश दिया कि जैसे ध्वजा विपरीत परिस्थितियों में भी लहराना नहीं छोड़ती, वैसे ही जीवन में धर्म से विमुख नहीं होना चाहिए। सिद्धांत निधि श्रीजी मसा ने भजन प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया।

**अतिथियों ने सराहा संघ की एकजुटता-** मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष हस्तीमल सांखला ने स्वागत भाषण दिया। समता महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। युवा संघ के विकास लोढ़ा ने जिनालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पुण्यभूमि से 17 मुमुक्षुओं ने दीक्षा अंगीकार की है। उन्होंने वर्ष 2001 में सम्पन्न प्रतिष्ठा महोत्सव को स्मरण किया। युवा संघ अध्यक्ष नरेंद्र भंसाली ने आचार्य श्री जिनपीयूष सागर जी मसा के दिव्य संदेश का वाचन किया। केवल्य धाम ट्रस्ट अध्यक्ष सुपारस गोलछा ने नगर संघ की एकता की सराहना की। आर्ची, प्रज्ञा, डाली एवं आर्या ने नाटिका के माध्यम से गुरुचर्या एवं जीव रक्षा का संदेश दिया।

सभा का संचालन मिश्रीलाल लोढ़ा एवं दिनेश लोढ़ा ने किया, जबकि अनिल लोढ़ा ने आभार प्रदर्शन किया। अंत में संघ समाज द्वारा साध्वी भगवंतों को आदर की चादर एवं कांबली भेंट कर कृतज्ञता ज्ञापित की गई। मंगल पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। रजत ध्वजा महोत्सव के इस पावन अवसर पर पूरे नगर में श्रद्धा, भक्ति और एकता का अनुपम संगम देखने को मिला।

# जिले में 10वीं के 10,102 छात्र परीक्षा में हुए शामिल. 29 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



बोर्ड परीक्षा के तहत शनिवार को कक्षा 10वीं की परीक्षा का शुभारंभ हो गया। जिसके तहत 111 परीक्ष केन्द्रो में 10256 परीक्षार्थी में से 10102 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 154 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिसमे बालोद विकासखण्ड के 16 परीक्षा केन्द्रो में 1879 परीक्षार्थी में से 1844 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गुरूर विकासखण्ड के 19 परीक्षा केन्द्रो में 1832 परीक्षार्थी में से 1801 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 29 परीक्षा केन्द्रो में 2388 परीक्षार्थी में से 2356 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत 26 परीक्षा केन्द्रो में 2398 परीक्षार्थी में से 2362 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डौण्डी विकासखण्ड के 21 परीक्षा केन्द्रो में 1768 परीक्षार्थी में से 1739 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षा का आगाज, हिंदी के पेपर में 195 परीक्षार्थी हुए शामिल

**जामगांव आर।** हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 सेजस जामगांव आर केंद्र में हिंदी विषय का परीक्षा प्रथम दिवस संपन्न हुआ। जिसमें अपेक्षित परीक्षार्थी 200 में से उपस्थित 195 परीक्षा में शामिल हुए 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। सेजस जामगांवआर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर, शासकीय हाई स्कूल पौहा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के बाद विद्याथएँ पेपर के प्रश्नों पर आपसी चर्चाकर स्व आकलन किए।



# मेढ़की में हुआ एक दिनी मानसगान सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

ग्राम मेढ़की में एक दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामवासी मेढ़की एवं ओरमा तथा ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता परस साहू के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में श्रद्धालु, मानस प्रेमी शामिल हुए।

कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर मुख्य आतिथ्य रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन तोमन साहू थे। अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष टहल साहू ने की। विशेष अतिथि ग्राम पंचायत ओरमा सरपंच मंजूलता परस साहू, मेढ़की सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव, संतोष साहू, रवि भूतड़ा, धनराज गजपाल, होरीलाल गजपाल, बालक साहू, मनोहर साहू उपस्थित थे।

अतिथियों ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की विधिवत पूजा–अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभकिया। पूरे आयोजन स्थल पर रामभक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। एक दिवसीय इस आयोजन में बालोद सहित आस पास के जिलों की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है, जो रामचरितमानस की चौपाइयों और भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर रहे हैं। मुख्य अतिथि तोमन साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं। टहल साहू ने कहा कि ग्राम मेढ़की को अयोध्या नगरी की तरह सजाया गया है। उन्होंने कहा कि मेढ़की में वर्षों से रामायण मंडली और रामायण आयोजन की परंपरा रही है। आज परिवारों में संस्कारों की कमी महसूस की जा रही है, ऐसे में धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने मेढ़की को आसपास के गांवों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

धनराज साहू ने कहा कि सरपंच ने अपने चुनावी संकल्प को पूरा करते हुए भव्य रामायण महोत्सव का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि ग्राम मेढ़की में पूर्व में भव्य रामायण मेला आयोजित होता था, जो कुछ कारणों से बंद हो गया था, लेकिन अब पुनः इसकी शुरुआत होना गांव के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में भजन और धर्म का विशेष महत्व है तथा अपनी आय का कुछ अंश धर्म कार्यों में लगाना चाहिए। परमात्मा को देखने की नहीं, महसूस करने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। पूरे दिन गांव में भक्ति संगीत और मानसगान की गूंज सुनाई देती रही, जिससे मेढ़की एक बार फिर राममय हो उठा।

# शाला गातापार में शिक्षक जितेंद्र को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर को प्राथमिक शाला वोटेबंद के लिए विदाई दिया गया। विदाई सम्मान समारोह तैयारी में देवेंद्र कुमार साहू ने महती भूमिका निभाई। सर्विस लाइफ अनुभव प्रदान करती है। सीआईएसएफ से सेवानिवृत अधिकारी ग्राम पंचायत गातापार सरपंच रेवाराम साहू ने कहा कि सर्विस लाइफ में विभिन्न स्थानों पर सेवा करने का अवसर मिलता है। जो सेवानिवृत तक अनुभव के रूप में जीवन की उपलब्धि होती है। उन्होंने कहा कि सर्विस लाइफ में सेवा इतनी अच्छी होनी चाहिए कि मन का पथ सदा सुकून भरा रहे।



**गुरु शिष्य का रिश्ता सतत प्रगाढ़ बनते रहना चाहिए-** सांसद प्रतिनिधि टेसराम साहू ने कहा कि गुरु जब समर्पित भाव से स्नेह पूर्वक शिष्य को ज्ञान देता है और शिष्य आदर के साथ गुरु का सम्मान करते ज्ञान ग्रहण करता तब होनहार भविष्य का निर्माण होता है और गुरु शिष्य का अमिट रिश्ता सबके। जुबान पर चर्चित हो उठता है। उन्होंने कहा कि कर्म की प्रधानता के साथ किया कार्य इतिहास लिखता है। विदाई सम्मान ग्रहण करते हुए आभार की मुद्रा में जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि सर्विस लाइफ में गातापार स्कूल स्टॉफ एवं बच्चों व ग्रामीणों का पारिवारिक स्नेह सम्मान जीवन की अनमोल धरोहर है।

समारोह में सरपंच रेवाराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, केशवराम ठाकुर, उपाध्यक्ष तालसिंह साहू, सासंद प्रतिनिधि टेसराम साहू, पवन कुमार साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम, सहायक शिक्षक झामन लाल सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि अरुण कुमार साहू उपस्थित थे।

# 10वीं के छात्र-छात्राओं का दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना से हुआ। कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ साथियों का तिलक लगाकर एवं डायरी-पेन भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें पर्ची निकालकर विभिन्न रोचक गतिविधियां संपन्न कराई गईं। कार्यक्रम में उत्साह, भावुकता और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। राज्यपाल पुरस्कृत प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई का यह अवसर भावनाओं से भरा होता है। उन्होंने कहा कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह विदाई केवल एक कक्षा से आगे की यात्रा का आरंभ है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में सफलता का मूल मंत्र निरंतर मेहनत, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार हैं। विद्यालय में अर्जित शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन की सच्ची पूंजी बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। साथ ही आगामी परीक्षाओं एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता वाय.पी. आर्य, रामकृष्ण यादव एवं रीता चौरसिया ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह का समापन भावुक माहौल में शुभकामनाओं और मंगलकामनाओं के साथ हुआ।



### बीएड कोर्स और नेटवर्किंग मार्केटिंग करने के मामले में दो शिक्षक सस्पेंड

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने बिना अनुमति नियमित बीएड कोर्स करने पर एक शिक्षिका और नेटवर्क मार्केटिंग में शामिल एक प्रधान पाठक को भी निलंबित किया है। ये कार्रवाई विभागीय जांच के बाद की गई है। नियमित बीएड कोर्स करने के मामले में दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दारगांव में एलबी के पद पर पदस्थ शिक्षिका त्रिवेणी सस्पेंड किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



### सुचित्रा साहू बनीं महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू एवं जिला साहू संघ के सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से सुचित्रा साहू, ग्राम खलारी गुण्डरदेही को सामाजिक सजीवता, लगातार सामाजिक सक्रियता तथा समाज के प्रति प्रेम, समर्पण व सेवा की भावना को देखते हुए वर्तमान कार्यकाल का सुचारू रूप से संचालन हेतु महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए की गई है। जिला स्तरीय शपथ ग्रहण के दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रजध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू व जिलास्तरीय सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में इन्होंने इस पद की शपथ ली है। बता दे कि सुचित्रा साहू पूर्व में भी साहू समाज युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग की उपाध्यक्ष व जनपद पंचायत गुण्डरदेही की अध्यक्ष रही हैं।



